आइआइएम के यूथ फेस्ट 'एगॉन-रश 6.0' का समापन

ट्रांसजेंडर्स की बेहतरी के लिए काम करें विद्यार्थी

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

आइआइएम रांची के तीन दिवसीय यूथ फेस्ट 'एगॉन-रश 6.0' का समापन रविवार को हुआ. अंतिम दिन की शुरुआत वर्चुअल वाकेथॉन से हुई. इसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान दे रहे ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रतिनिधियों ने अपना अनुभव साझा किया. वक्ताओं ने विद्यार्थियों को समाज में ट्रांसजेंडर समुदाय को पहचान दिलाने में सहयोग करने की अपील की. उन्होंने कहा कि समाज के लोग आज भी ट्रांसजेंडर को उनकी योग्यता से नहीं, बल्कि स्वरूप के आधार पर परखते हैं. ऐसे में विद्यार्थी ही लोगों को उनकी बेहतरी की दिशा में काम कर सकते हैं.

यूथ फेस्ट में एगॉन 6.0 के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं के फाइनल राउंड का संचालन हुआ. केस स्टडी आधारित प्रतियोगिता हुई. इसमें आइआइएम रांची की टीम नागशक्ति विजेता और एससीएमएचआरडी की टीम मेराड्यूर्स उपविजेता बनी. इसके अलावा रश 6.0 के तहत विद्यार्थियों के बीच वर्ड गेम फाइनल इस्टिंट, पेंटिंग प्रतियोगिता थॉट कैनवस, ओपेन माइक प्रतियोगिता हुई. समापन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में आइआइएम रांची टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया.

ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रतिनिधियों ने भी अपना अनुभव साझा किया.

विद्यार्थियों-शिक्षकों ने थीम को बनाया सफल

आइआइएम रांची के निदेशक ने कहा कि कोरोना काल के बीच यूथ फेस्ट 'एगॉन-रश 6.0' को वर्चुअल मोड पर आयोजित कर विद्यार्थियों व शिक्षकों ने इसे सफल बनाया है. फेस्ट का थीम 'डायवर्जेंस' तय था. इसकी आत्मीयता को बरक़रार रखने की कोशिश की गयी है. विद्यार्थियों ने ईमानदारी, विनम्रता और कठिन परिश्रम की प्रस्तुति दी है.

25 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

तीन दिवसीय यूथ फेस्ट 'एगॉन-रश 6.0' में देशभर से 50 से अधिक बी-स्कूल से 25000 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. सर्वाधिक आइआइएम रांची के एचआर क्लब की टीम हायर, डिजिटलिस्टिक, एनालिटिक्स क्लब और टीम समर्पण ने 45 हजार रुपये का पुरस्कार जीता. मार्केटिंग क्लब ने 45 हजार रुपये की विजेता राशि हासिल की. टीम संक्रिया, ऑपरेशन क्लब ने चार लाख रुपये तक के पुरस्कार जीते. इसके अलावा यूएनजीसी, आइआइसी और पॉलिनिमिक्स ने 31 हजार रुपये की धनराशि हासिल की.

Prabhat Khabar, 08.02.2021, Pg. 08